राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल जयपुर पहुँचे, कानून–व्यवस्था की जानकारी ली

जयपुर, 09 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र आज प्रातः 11 बजे जोधपुर से जयपुर पहुँचे। राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन पहुँचने पर राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री भूपेन्द्र यादव से दूरभाष पर वार्ता की। राज्यपाल श्री मिश्र ने पुलिस महानिदेशक से राज्य के कानून–व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार को जोधपुर गये थे। वहां श्री मिश्र ने जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव नान्दड़ कला गांव का दौरा किया। श्री मिश्र ग्रामवासियों के साथ दो घंटे तक रहे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राजस्थान